सत्यमेव जयते

LOK SABHA DEBATES

The House met at fifty-one minutes past Twelve of the Clock

Wednesday, January 28, 2026 / Magha 8, 1947 (Saka)

LOK SABHA DEBATES

(NO QUESTION HOUR: PART I – NOT ISSUED)

PART II – PROCEEDINGS OTHER THAN QUESTIONS AND ANSWERS

Wednesday, January 28, 2026 / Magha 8, 1947 (Saka)

C ON T E N T S **P A G E S**

PRESIDENT'S ADDRESS – LAID	1
OBITUARY REFERENCES	2 - 4

xxxx

(1250/KDS/RTU)

1251 hours

The Lok Sabha met at fifty-one minutes past Twelve of the Clock.

(Hon. Speaker *in the Chair*)

(The National Anthem was played.)

माननीय अध्यक्ष : आइटम नंबर 1, महासचिव।

PRESIDENT'S ADDRESS — LAID

1252 hours

SECRETARY-GENERAL: Sir, I beg to lay on the Table a copy of the President's Address (Hindi and English versions) to both the Houses of Parliament assembled together on the 28th of January, 2026.

{FOR THE TEXT OF THE PRESIDENT'S ADDRESS
(HINDI AND ENGLISH VERSIONS),
PLEASE SEE THE PRINTED COPY, PP 1A to 1AZ}

___

निधन संबंधी उल्लेख

1253 बजे

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे अत्यंत दुख के साथ सभा को हमारे 6 पूर्व साथियों के निधन के बारे में सूचित करना है।

श्री अजीत पवार, महाराष्ट्र के बारामती संसदीय क्षेत्र से 10वीं लोक सभा के सदस्य थे। श्री पवार छः बार महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट तथा राज्य मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दीं। वे आठ कार्यकाल के लिए महाराष्ट्र विधान सभा के सदस्य भी रहे। श्री अजीत पवार जी वर्तमान में महाराष्ट्र सरकार के उप मुख्यमंत्री थे। उन्होंने एक लंबे समय तक अपने सामाजिक और राजनीतिक जीवन में महाराष्ट्र और देश की सेवाएं कीं। उनका जीवन हमेशा जनता के लिए समर्पित रहा।

श्री अजीत पवार जी का निधन आज दिनांक 28 जनवरी, 2026 को वायुयान दुर्घटना में 66 वर्ष की आयु में महाराष्ट्र के बारामती में हुआ।

श्रीमती शालिनी पाटिल महाराष्ट्र के सांगली निर्वाचन क्षेत्र से 7वीं लोक सभा की सदस्य थीं। वह दो कार्यकाल के लिए महाराष्ट्र की विधान सभा में सदस्य रहीं तथा महाराष्ट्र सरकार में मंत्री भी रहीं।

श्रीमती शालिनी पाटिल का निधन 20 दिसम्बर, 2025 को 92 वर्ष की आयु में महाराष्ट्र के मुंबई में हुआ।

श्री भानु प्रकाश मिर्धा राजस्थान के नागौर संसदीय क्षेत्र से 11वीं लोक सभा के सदस्य थे। वह रक्षा संबंधी स्थायी संसदीय समिति के सदस्य भी रहे।

(1255/VVK/SMN)

श्री भानु प्रकाश मिर्धा का निधन 1 जनवरी, 2026 को 72 वर्ष की आयु में राजस्थान के जोधपुर में हुआ।

श्री सत्येन्द्र नाथ ब्रह्म चौधरी असम के कोकराझार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से दसवीं लोक सभा के सदस्य थे। श्री सत्येन्द्र नाथ ब्रह्म चौधरी का निधन 2 जनवरी, 2026 को 82 वर्ष की आयु में असम के बोंगाईगांव में हुआ।

श्री सुरेश कलमाडी महाराष्ट्र के पुणे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से ग्यारहवीं, चौदहवीं और पंद्रहवीं लोक सभा के सदस्य रहे। श्री सुरेश कलमाडी केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रहे और कई संसदीय समितियों के सदस्य भी रहे। वह चार कार्यकाल के लिए राज्य सभा के सदस्य भी रहे।

श्री सुरेश कलमाडी का निधन 6 जनवरी, 2026 को 81 वर्ष की आयु में महाराष्ट्र के पुणे में हुआ।

श्री कबीन्द्र पुरकायस्थ असम के सिलचर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से दसवीं, बारहवीं और पंद्रहवीं लोक सभा के सदस्य रहे। श्री पुरकायस्थ केंद्रीय संचार राज्य मंत्री रहे और कई संसदीय समितियों के सदस्य भी रहे।

श्री कबीन्द्र पुरकायस्थ का निधन 7 जनवरी, 2026 को 94 वर्ष की आयु में असम के सिलचर में हुआ।

माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को बांग्लादेश की पूर्व प्रधान मंत्री महामहिम बेगम खालिदा ज़िया के निधन के बारे में भी सूचित करना है।

महामहिम बेगम खालिदा ज़िया तीन बार बांग्लादेश की प्रधान मंत्री रहीं और उन्होंने बांग्लादेश की संसद में नेता, प्रतिपक्ष की भी भूमिका अदा की। महामहिम बेगम खालिदा ज़िया का निधन 30 दिसम्बर, 2025 को हुआ।

सभा बांग्लादेश की पूर्व प्रधान मंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की चेयरपर्सन बेगम खालिदा ज़िया के निधन पर बांग्लादेश सरकार और वहाँ के लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है। उन्हें बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में तथा देश के विकास और भारत-बांग्लादेश संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए सदैव याद किया जाएगा।

यह सभा अपने पूर्व साथियों, उप मुख्य मंत्री सहित बांग्लादेश की पूर्व प्रधान मंत्री के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करती है और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है।

अब सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर मौन रहेगी।

(तत्पश्चात् सदस्यगण थोड़ी देर मौन खड़े रहे।)

माननीय अध्यक्ष : ऊँ शांति: शांति: शांति:।

सभा की कार्यवाही कल गुरुवार, दिनांक 29 जनवरी, 2026 को प्रातः 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

1258 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा गुरुवार, 29 जनवरी, 2026 / 9 माघ, 1947 (शक)
के ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।